# कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / 1462 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2026 रायपुर, दिनांक 20/08/2026

## सूचना

## //नीट यूजी प्रवेश वर्ष 2026 की राज्य स्तरीय काउंसिलिंग के प्रथम चरण का आवंटन स्थगित किए जाने के संबंध में।//

प्रवेश वर्ष 2026 चिकित्सा स्नातक (एम.बी.बी.एस. / बी.डी.एस.) पाठ्यक्रम की राज्य स्तरीय काउंसिलिंग के प्रथम चरण में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि चिकित्सा परामर्श समिति (MCC) द्वारा दिनांक 19.08.2026 को संशोधित समय–सारिणी (**Revised Schedule**) जारी किए जाने के परिपालन में प्रथम चरण की काउंसिलिंग की आवंटन सूची, जो पूर्व में दिनांक 20.08.2026 को जारी किया जाना निर्धारित था, स्थगित किया जाता है।

प्रथम अखिल भारतीय कोटा (All India Quota) की काउंसिलिंग के प्रथम चरण की आवंटन सूची जारी होने उपरांत ही राज्य स्तरीय काउंसिलिंग के प्रथम चरण की आवंटन सूची जारी की जाएगी।

अतः इस संबंध में आगामी सूचना एवं संशोधित समय–सारिणी पृथक से जारी की जाएगी। अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु संचालनालय की वेबसाइट ***www.cgdme.in*** का नियमित अवलोकन करते रहें।

(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

20/08/26

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

IT.
Pl. upload on website.
20.8.26.

DEAN
ABHISHEK I MISHRA
MEMORIAL MEDICAL
COLLEGE & RESEARCH
Junwani, Bhilai-490020